>

Title: Need to connect Deeg, Kaman, Jurhera and Palwal with National Highway between Bharatpur and Delhi and also provide a direct road link to Bharatpur from Dholpur.

श्री रतन सिंह (भरतपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र भरतपुर का आर्थिक एवं सामाजिक विकास समुचित सड़कों के अभाव में नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में मंत्रालय का ध्यान कई बार आकर्षित कर चुका हूँ कि हरियाणा के रास्ते से दिल्ली एवं भरतपुर के बीच सीधा राष्ट्रीय राजमार्ग बन जाये तो दिल्ली और भरतपुर के बीच के रास्ते को सीधा एवं छोटा रास्ता किया जा सकता है। सड़कों के अभाव में इस क्षेत्र के मेवाती समाज का सामाजिक विकास नहीं हो पाया है और न ही इस क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति मिली है जबकि इस क्षेत्र में भगवान श्री कृष्ण कीड़ा स्थली स्थित है एवं ऐतिहासिक धरोहरों से यह समस्त क्षेत्र भरा हुआ है। यहाँ देश-विदेश से पर्यटक पर्यटक प्रतिवर्ष बहुतायत संख्या में पर्यटन, ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों के दर्शनों हेतु आते हैं। यह राष्ट्रीय राजमार्ग पलवल-जुरेहरा से आरंभ होकर कामां, डीग, भरतपुर-उँचा नंगला होते हुए धौलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 3 से जोड़ा जा सकता है। उत्तर भारत एवं मध्य प्रदेश के बीच के यातायात को दिल्ली भरतपुर एवं आगरा के बाईपास से ले जाया जा सकता है, एवं इस प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग से इस क्षेत्र को पिछड़ेपन को भी दूर किया जा सकता है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि अगले वर्ष के दौरान प्रस्तावों में भरतपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग वाया डीग, कामां, जुरेहरा एवं पलवल को जोड़ा जावे। साथ ही भरतपुर से धौलपुर होते हुए मध्य प्रदेश को भी शीघ्र जोड़ा जावे।